दिन–बुधवार | दिनांक– 04/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय चयन पर्षद ने सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा में ईडब्ल्यूएस और क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त किया।

02. केंद्र सरकार ने कहा – देश में अबतक एक करोड़ पंद्रह लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनीं।

03. बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए कल होगा मतदान। सभी तैयारियां पूरी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के बाद पटना, बक्सर और जहानाबाद समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में बारिश का जताया पूर्वानुमान।

————————————————————

केंद्रीय चयन पर्षद ने सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा में ईडब्लूएस और क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। पर्षद ने इस संबंध में जारी अधिसूचना में कहा है कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में ईडब्ल्यूएस और क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र के कारण किसी उम्मीदवार को अयोग्य घोषित नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले दिनों सिपाही भर्ती के लिए लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों ने इस प्रावधान के विरोध में पटना में प्रदर्शन किया था।

————————————————————

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में आजीविका मिशन से दस करोड़ से अधिक महिलाएं जुड़ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अब योजना के तहत अबतक एक करोड़ पंद्रह लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि हर गरीब व्यक्ति को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने दो करोड़ पंचानवे लाख मकान बनाने की स्वीकृति दी है। अगले पांच वर्षों में दो करोड़ और घर बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत अड़तीस लाख घर आवंटित किए गए हैं। इसके लिए दस हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की गई थी।

———बाईट———

योजना के प्रारम्भ में ग्रामीण विकास विभाग दो करोड 95 लाख आवास स्वीकृत कर चुका है जो हमारा टारगेट था और उसमें से दो करोड 68 लाख घरो का निर्माण भी हम पूरा कर चुके है। अब पांच साल सालों में दो करोड नए घर हमको और बनाने हैं।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में पिछले पांच वर्षों के दौरान वामपंथी उग्रवाद के खतरे से साठ जिले मुक्त हो गए हैं। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या अप्रैल दो हजार चौबीस में घटकर अड़तीस हो गई है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना के दृढ़ कार्यान्वयन के बाद हिंसा में कमी आयी है और उग्रवाद का भौगोलिक विस्तार भी काफी कम हुआ है। श्री राय ने कहा कि वर्ष दो हजार दस की तुलना में वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी हिंसक घटनाओं में तिहत्तर प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों और नागरिकों की मौतों की संख्या भी दो हजार तेईस में घटकर एक सौ अड़तीस हो गई है।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम ने महिलाओं द्वारा संचालित सहकारी समितियों के विकास के लिए सात हजार सात सौ आठ करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता स्वीकृत की है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में पच्चीस हजार तीन सौ पचासी महिला कल्याण सहकारी समितियां पंजीकृत हैं। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने सहकारी समितियों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल की है। उन्होंने बताया कि देश में एक लाख चौवालीस हजार से अधिक डेयरी सहकारी समितियां हैं और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं इस क्षेत्र से जुड़ी हैं।

———————————————————————————

देश में पिछले दस वर्षों में रेल दुर्घटनाओं में कमी आई है। वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के दौरान कुल चालीस रेल दुर्घटनाएं हुईं। वर्ष दो हजार चौदह–पंद्रह में यह संख्या एक सौ पैंतीस थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अप्रैल से नवम्बर तक उनतीस रेल दुर्घटनाएं हुई हैं। श्री वैष्णव ने बताया कि सुरक्षा भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए कई कदम उठाए गए हैं। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में रेलमंत्री ने कहा कि नवीनतम प्रौद्योगिकी से रेल पटरियों को लगातार उन्नत किया जा

रहा है। श्री वैष्णव ने कहा कि स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली—कवच का विकास पूरा हो गया है।

———बाईट———

माननीय अध्यक्ष जी आज विश्व में सबसे बडा स्टेशन रि—डेवलपमेंट प्रोग्राम हिन्दुस्तान में चल रहा है। 13 सौ स्टेशनों का एक साथ माननीय प्रधानमंत्री जी ने अप्रूव किया है और उसका काम बहुत विस्तृत तरीके से चल रहा है। कई स्टेशन्स तो इतने बडे स्टेशन्स हैं कि उसपे पर सात सौ आठ सौ करोड रूपये का खर्चा हो रहा है। जिसमें से खर्च हो रहा है बहुत सारे स्टेशन पर सौ से दो सौ करोड के बीच में इन्वेस्टमेंट हो रहा है।

————————————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए कल मतदान होगा। मतदान सुबह आठ बजे से शुरू होकर शाम चार बजे तक चलेगा। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए हैं। निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चार जिलों— वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर और सीतामढ़ी जिले में कुल एक सौ सत्तानवे मतदान केंद्र बनाए गये हैं। उपचुनाव में कुल एक लाख चौवन हजार आठ सौ अट्ठाईस मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदान के लिए मतदाता उपलब्ध कराये गये स्केच पेन का ही इस्तेमाल करेंगे, नहीं तो वोट अमान्य हो जाएगा। मतदाता उम्मीदवारों के नाम के आगे वरीयता क्रम अंकित करेंगे। मतों की गिनती नौ दिसम्बर को होगी। उपचुनाव के लिए कुल अठारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें जदयू के अभिषेक झा, राजद के गोपी किशन और जनसुराज के विनायक गौतम प्रमुख हैं। समाचार कक्ष से मैं कामिनी ठाकुर।

————————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि यदि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनती है, तो उपभोक्ताओं को प्रतिमाह दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। मुंगेर में कार्यकर्ता संवाद दर्शन कार्यक्रम के दौरान श्री यादव ने दावा किया कि देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है। उन्होंने कहा कि सत्रह महीने के महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में उन्होंने पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था, जिसे पूरा किया गया।

———बाईट———

————————————————————————————

पछुआ हवा की रफ्तार कम होने से प्रदेश का औसत अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान मौसम में कोई खास परिवर्तन

नहीं होगा। इसके बाद पटना, नालंदा, बेगूसराय, बक्सर, अरवल, औरंगाबाद और जहानाबाद समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। इसके तापमान में गिरावट आएगी।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान दस डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान पंद्रह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण के संबंध में दिशा–निर्देश जारी किया है। दिशा–निर्देश में कहा गया है कि शिक्षकों का प्रशिक्षण उनके वर्तमान पदस्थापना जिला में ही होगा। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने राज्य शिक्षा, शोध और प्रशिक्षण परिषद को भेजे पत्र में कहा कि सेवाकालीन प्रशिक्षण के लिए शिक्षकों को कम से कम एक सप्ताह पूर्व सूचना दी जाए। साथ ही प्रशिक्षण की अवधि में प्रत्येक दिन तीन बार बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज करवाई जाए। उपस्थिति के आधार पर ही शिक्षकों को सेवाकालीन प्रशिक्षण पूरा करने से संबंधित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में पंचायती राज विभाग के रिक्त पड़े पंद्रह हजार छह सौ दस पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाएगी। विभागीय मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने आज औरंगाबाद में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राष्ट्रपति भवन द्वारा गणतंत्र दिवस एट होम कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कटिहार जिले के कुर्सेला प्रखंड के पांच विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास और प्रोग्राम पदाधिकारी, जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक और चिकित्सा पदाधिकारी शामिल हैं। संपूर्णता अभियान के तहत कुर्सेला प्रखंड द्वारा शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति को लेकर इन अधिकारियों को कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण मिला है।

———————————————————————————

सीमा सुरक्षा बल और नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा की ओर से ऑल वीमेन रिवर राफ्टिंग अभियान की टीम का आज पटना के एनआईटी घाट पर भव्य स्वागत किया गया। नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने टीम का स्वागत किया। महिला सशक्तिकरण और स्वच्छ तथा निर्मल गंगा अभियान के संदेश के साथ यह टीम पिछले दिनों उत्तराखंड के गंगोत्री से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर के लिए रवाना हुई है। राफ्टिंग टीम में बीएसएफ की बीस महिला जवान शामिल हैं।

———————————————————————————

पत्र सूचना कार्यालय, पटना द्वारा आज भभुआ में पत्रकारों के लिए एक दिवसीय क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का आयोजन किया गया। पीआईबी पटना के निदेशक आशीष लकड़ा ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने मीडिया कर्मियों से केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

———————————————————————————

बिहार को जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत बेहतर प्रदर्शन करने के लिए नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में वाटर ट्रांसवर्सेलिटी ग्लोबल अवार्ड से सम्मानित किया गया। कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने यह जानकारी दी।

———————————————————————————

बिहार गीत–संगीत के क्षेत्र में रोजगार देने के मामले में देशभर में तीसरे स्थान पर है। केंद्र सरकार के ई–श्रम पोर्टल पर हुए निबंधन के अनुसार इस क्षेत्र में सतहत्तर प्रतिशत पुरूष और बाईस प्रतिशत महिलाएं काम कर रही हैं। बिहार के कुल आठ हजार नौ सौ चौंतीस लोग गीत–संगीत के क्षेत्र से अपनी आजीविका चला रहे हैं।

———————————————————————————

बेगूसराय में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय बालक अंडर–सेवन्टीन क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में गया ने बेगूसराय की टीम को पांच विकेट से पराजित किया।

हरियाणा के पंचकूला में आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने चार पदक प्राप्त किया है। इसमें से तीन खिलाड़ी शेखपुरा के हैं।

———————————————————————————

शेखपुरा रेलवे स्टेशन परिसर से उत्पाद विभाग की टीम ने एक महिला तस्कर को पैंतीस लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुरूकुल मेहिया बाईपास पर एक सीएनजी लदे टैंकर से गैस का रिसाव होने से अफरा–तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी। अग्निशमन दस्ते की मदद से आग पर काबू पाया गया।

———————————————————————————

कटिहार नगर थाना क्षेत्र के तीनगाछिया में पुलिस ने छापेमारी कर दो तस्करों को दो सौ ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्रीय चयन पर्षद ने सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा में ईडब्ल्यूएस और क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त किया।

02. केंद्र सरकार ने कहा – देश में अबतक एक करोड़ पंद्रह लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनीं।

03. बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए कल होगा मतदान। सभी तैयारियां पूरी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के बाद पटना, बक्सर और जहानाबाद समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में बारिश का जताया पूर्वानुमान।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।